शासन दर्पण

गवर्नेंस फॉउण्डेशन का प्रकाशन

खंड–2, अंक–4 (संयुक्तांक) अप्रैल–मई–जून 2025 भाषा – हिन्दी

प्रगति और विश्वास, निरंतर बढ़ता
औद्योगिक विकास

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास
उत्तर प्रदेश सरकार

- **औद्योगिक भूखण्डों का आवंटनः** प्राधिकरण ने कलस्टर आधारित उद्योगों के विकास हेतु प्रभावी कार्यवाही की है। प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टरों में MSME पार्क, टॉय सिटी एवं हैण्डीक्राफ्ट पार्क एवं अपैरल पार्क का विकास किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017 से 31 जनवरी 2024 तक कलस्टर आधारित औद्योगिक पार्कों एवं मिश्रित भू–उपयोग में कुल 2209 औद्योगिक ईकाइयों की स्थापना हेतु भूमि का आवंटन किया गया है। इन उद्योगों के स्थापना से प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग 31,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा तथा 3,61,593 लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी।
- **मेडिकल डिवाईस पार्कः** भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत मेडिकल डिवाईस पार्क की स्थापना यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण द्वारा सेक्टर–28 में की जा रही है। मेडिकल डिवाईस पॉलसी के अन्तर्गत रु. 100 करोड का ग्रान्ट भारत सरकार द्वारा दिया जाना है जिसके सापेक्ष रु. 30 करोड़ प्राप्त हो चुके हैं। मेडिकल डिवाईस पार्क में इकाईयों की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा सैद्धान्तिक अनुमति में वर्णित विशेष प्रोत्साहन लाभ प्रदान करने हेतु फार्मास्यूटिकल मैन्यूफैक्चरिंग नीति–2018 (यथा संशोधित) के प्रस्तर–12.5 के तहत प्रस्ताव पर मा. मंत्री परिषद् द्वारा दिनांक 14.06.2022 को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। Scheme for promotion of Medical Devices Park के अनुसार मेडिकल डिवाइस पार्क योजना 02 वर्ष में क्रिन्यान्वित की जानी है। मेडिकल डिवाईस पार्क योजना के अन्तर्गत फेज–1 में 35, फेज–2 में 23 एवं फेज–3 में 14 भूखण्डों का आवंटन हो चुका है। इस योजना में लगभग 3800 करोड़ का निवेश प्राप्त होगा साथ ही 15000 रोजगार का सृजन होगा।
- **इन्टरनेशनल फिल्म सिटीः** उ.प्र. में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी के स्थापना की उ.प्र. शासन की परिकल्पना ने लिया आकार। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकसित क्षेत्र में 230 एकड़ में फिल्म सिटी की स्थापना हेतु निर्माता निर्देशक बोनी कपूर एवं भूटानी इंफ्रा कम्पनी Bayview Projects LLP इनके द्वारा ड्रॉईंग डिजाइनिंग डीपीआर तैयार किया जा रकाह है।
- **नोयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवरः** नॉयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर नागरिक उड्डयन विभाग, उ.प्र. शासन की पी.पी.पी. मोड पर आधारित परियोजना है। इसका विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान क्षेत्र इन्टरनेशनल एयरपोर्ट एण्ड एविएशन हब के अन्तर्गत 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में जेवर के निकट किया जा रहा है। इस हेतु 1334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों से सभी प्रकार की एन.ओ.सी. एवं इन्वारयमेंट क्लीरेन्स प्राप्त हो चुका है। ग्लोबल बिडिंग प्रकिया से Zurich Airport International AG का चयन कंसेशनायर/विकासकर्ता के रूप में किया गया है। समस्त भूमि का कब्जा विकासकर्ता को प्रदान किया जा चुका है तथा विकास हेतु Master Plan एवं Development Plan अनुमोदित किया जा चुका है। वर्तमान में विकासकर्ता Yamuna International Airport Pvt. Ltd. जो Zurich Airport International AG की (SPV) है के द्वारा Terminal Building, रनवे, ATC Building के निमार्ण कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में 12 मिलियन यात्रियों के लिए एयरपोर्ट का निर्माण होगा जिसमें रु. 5730 करोड़ की धनराशि कम्पनी द्वारा व्यय की जाएगी। एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थपना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढेगें, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा साथ ही पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।
- **हेरीटेज सिटीः** राया नगरीय केन्द्र (वृन्दावन) प्राधिकरण की महायोजना में शासन द्वारा अनुमोदित है, जहाँ प्राधिकरण द्वारा हेरीटेज सिटी के रूप में विकास किये जाने की योजना है। इसके अध्ययन हेतु M/s CBRE South Asia Pvt. Ltd. को परामर्शदाता के रूप में चयन किया गया है। ब्रिज विकास परिषद के सुझाव पर इसका विकास श्री बांकेबिहारी मंदिर के समीप ग्रीनफील्ड एरिया में किया जाएगा जहाँ पर पूर्व से ही भगवान श्रीकृष्ण से सम्बन्धित कई पौराणिक स्थल मौजूद हैं। इस योजना में यमुना एक्सप्रेसवे से श्री बांकेबिहारी मन्दिर हेतु ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी साथ ही रिवर फ्रन्ट, योग केन्द्र, प्रार्थना स्थल आदि का भी विकास हेरीटेज सिटी में सम्मिलित है। इसका DPR कंसलटेन्ट द्वारा तैयार किया जा रहा है। DPR के अनुमोदन के उपरान्त विकासकर्ता का चयन पी.पी.पी. मोड पर किया जाएगा। मास्टर प्लान दिनांक 21.10.2024 को शासन से अनुमोदित हो गया है।
- **ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों का आवंटनः** प्राधिकरण द्वारा दिनांक 01.08.2024 को सेक्टर 18 एवं 22डी ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड योजना (वाईईए–जीएच–08/2024) लायी गई थी। उक्त योजना में कुल 9 भूखण्डों का आवंटन किया जा चुका है।
- **डेटा सेन्टर पार्कः** सैक्टर–28 में डेटा सेन्टर पार्क 50 एकड़ में विभिन्न आकार के 6 भूखण्डों के आवंटन की योजना लायी गयी है। डेटा सेन्टर पार्क और एविएशन हब के बीच 2.5 कि.मी. की दूरी है। डेटा सेन्टर पार्क के अन्तर्गत 2 भूखण्डों का आवंटन हो चुका है।
- **संस्थागतः** प्राधिकरण के संस्थागत उपयोग हेतु प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना हेतु प्रभावी कार्यवाही की गई है। प्राधिकरण के संस्थागत सैक्टरों में Degree College, PG College, Medical College Management Institute/Technical Institute, Vocational College/Institute, Sport College/Sports Academy, Senior/Higher Secondary School, Integrated Residential Schools, Nursory School, Hospital, Nursing Home, Corporate Office etc. के उपयोग हेतु 238 भूखण्डों का आवंटन किया गया है।
- **ग्रामों का सैक्टरों की तर्ज पर स्मार्ट विलेज के रूप में विकासः** प्रथम फेज में प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित क्षेत्र के कुल 29 औद्योगिक नगरों को स्मार्ट विलेज के रुप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। 06 औद्योगिक नगरों (निलोनी, रामपुर बांगर, अच्छेजा बुजुर्ग, डूँगरपुर रीलका, मिर्जापुर व रूस्तमपुर का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। 13 औद्योगिक नगरों (सलारपुर, मूंजखेडा, चपरगढ़, (माजरा–मिर्जापुर), गुनपुरा, मुरादगढ़ी, मौहम्मदपुर गुर्जर, खेरली भाव, औरंगपुर, अट्टा गुजरान, दनकौर जगनपुर, अफजलपुर, रौनीजा एवं चांदपुर) में कुल रुपये 9584.08 लाख के विकास कार्य प्रगति में हैं। शेष 11 औद्योगिक नगरों के प्राक्कलन तैयार किया जाना प्रस्तावित है।
- **प्राधिकरण के 96 औद्योगिक नगरी क्षेत्रों के अन्तर्गत स्कूलों के कायाकल्प के कार्यः** ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों को अवस्थापना से संतृप्त कराये जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कराये गये सर्वे में 14 मानकों के अन्तर्गत 89 प्राईमरी स्कूल तथा 34 जूनियर हाई स्कूल में कार्य पूर्ण कराये जा चुके हैं।
- **अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयः** प्राधिकरण सीमा के अन्तर्गत आने वाले 15 विद्यालयों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की गयी है, जिसमें नयी शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप At Grade Learning की अवधारणा के आधार पर उक्त चिन्हित विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय एवं आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं के साथ बेहतर शैक्षणिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करने के उददेश्य से परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसके अन्तर्गत विद्यालय में 05 कक्षों से युक्त 01 एकीकृत भवन का निर्माण किया जाएगा, जहाँ निम्नलिखित आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगाः • Library with dedicated reading Corner • Computer lab with language lab solution • Modular composite (Math & Science) laboratory • High-tech Smart class by interactive display smart board with virtual class room • Staff room with attached toilet.

  अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप डिजिटल शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के उददेश्य से बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापरख शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक स्मार्ट क्लास शैटअप को भी तैयार किया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा कुल 12 विद्यालयों को दो चरणों में अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के रूप में विकसित किये जाने हेतु कार्य प्रगति में है।

Yamuna Expressway Industrial Development Authority
YEIDA
FUTURE IS HERE

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉपलेक्स, पी–2, सैक्टर ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा 201308, जनपद–गौतमबुद्ध नगर

Tolfree No.: 1800 180 8296 वेबसाईटः www.yamunaexpresswayauthority.com

'kk l u n i .k
RNI No : DELHIN/2023/86252

संरक्षिका
श्रीमती सुमन मिश्रा

मुख्य संपादक
कैप्टेन प्रभान्शु कुमार श्रीवास्तव **IAS** (सेवानिवृत)

संपादक
सिद्धार्थ मिश्रा
वी/१८ ग्रीन पार्क एक्स.
एल जी एफ, नई दिल्ली - ११००१६

ई मेल governancef@gmail.com
prabhanshu38.office@gmail.com
वेबसाईट www.governancefoundation.org.in
दूरभाष +91 8447625205, +91-9568822000

डिजाईन
मोहित जैन
ई मेल mohit.thedesigner@gmail.com

मुद्रक
वी एस के इम्प्रैशन
बी आर - ५० सैक्टर ११६ नौयडा 201307
+91 99114 32184

प्रकाशक
श्रीमती सुमन मिश्रा

गवर्नेंस फाउंडेशन के लिये
वी/१८ ग्रीन पार्क एक्स.
एल जी एफ, नई दिल्ली - ११००१६

Disclaimer: The views expressed in the magzine are of the authors and not necessarily of the publisher, editors, associate and printer. Authors themselves are responsible for any kind of plagiarism found in their articles and any issues found/raised with it.

Any legal dispute shall be subject to the jurisdiction of the New Delhi Courts

प्रिय पाठकों,

आपके सम्मुख शासन दर्पण का का नया अंक प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत सुख की अनुभूति हो रही है । नवीन कलेवर में प्रस्तुत पाठ्य सामग्री समयानुकूल और सारगर्भित है। यकीनन वर्षों पहले लिखा गया साहित्य और संस्मरण आज भी देश काल परिस्थिति के लिए उतना ही समीचीन और प्रासंगिक है जितना कि उस समय जब वो लिखा गया था। समय की परिधि से परे तत्समय कुछ ऐसा रचा गया जिसने खुद को कालजयी मास्टर पीस के रुप में स्थापित किया।

नए स्तंभ जो पत्रिका के नियमित अंग रहेंगे आपको एक नया दृष्टिकोण और पुराने लिखे की याद दिलायेंगे और शायद इसी बहाने आप उस कृति को पुनः बरबस फिर पढ़ना चाहें।

मेरा यह दृढ़ मंतव्य है कि अच्छे साहित्य और अच्छी रचना मात्र शोध पत्रों और अकादमिक क्षेत्र तक सीमित न हो वरन इस की पहुँच जनसामान्य तक होनी चाहिए। इस उद्देश्य से इस अंक में पर्यावरण से संबंधित अनेक पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए आलेखों को साभार पुनः प्रकाशित किया जा रहा है जिससे समस्या और उस के निदान की पहुँच जनसामान्य से लेकर नीति नियन्ताओं तक समान रूप से पहुँचे और उस पर कुछ सार्थक पहल हो। आशा है आपको इस अंक की पठन सामग्री पसंद आएगी।

आपकी प्रतिक्रिया का इंतजार रहेगा।

आपका

कैप्टेन प्रभान्शु कुमार श्रीवास्तव

कैसे कैसे हाकिम

राजकमल प्रकाशन से
श्री टी.एस. आर. सुब्रमणियन
की छपी पुस्तक
'बाबूराज और नेतांचल'
से साभार

"अब मुझे एक न्यायाधीश की याद आती है जो अपनी कुशाग्रबुद्धि के लिए प्रसिद्ध थे, और जिनके निर्णय दोषमुक्त व पाक साफ होते थे. उनके विषय में सभी का पूर्वानुमान था कि वह एक दिन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर सुशोभित होंगे.

एक प्रथा, जिसकी उस समय चारों ओर चर्चा थी, वह यह थी कि प्रत्येक सिविल केस (दीवानी) में बहस के समापन से पूर्व विरोधी वकीलों के प्रतिनिधि पेशकार से मिलेंगे और केस (मुकदमा) की जटिलता के आधार पर एक निश्चित धनराशि उसे देंगे.

निर्णय के दिन, निर्णय सुनाने के कुछ मिनट पहले हारने वाले वकील के पूरे पैसे लौटा दिए जाएंगे. निर्णय पूर्ण रुपेण निष्पक्ष, तर्क संगत तथा गुणदोष के आधार पर होगा. मेरे किसी जानकार ने इस बात का परीक्षण नहीं किया कि ऐसी स्थिति में जिसमें किसी एक पार्टी ने पेशकार को धनराशि नहीं दी हो तो निर्णय किस सीमा तक निष्पक्ष होते थे.

एक दूसरा व प्रशासनिक मजिस्ट्रेट जिसे सब फैंटम के नाम से पुकारते थे, कुछ लोगों के लिए एक सनकी दिमाग का व्यक्ति था. वह न केवल ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध था बल्कि तौर तरीकों में सादगी पसंद, स्पष्टवक्ता और जिद्दी था. उसके न्यायालय में अफीम अधिनियम के एक मुकदमे में सरकारी पक्ष का आरोप था कि मुल्जिम (दोषी) रात में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था और जब सब इंस्पेक्टर ने उसका पीछा कर उसे दबोचा, तो तलाशी लेने पर उसकी कमीज की जेब से अवैध अफीम पकड़ी गई.

मुलजिम इतना गरीब था कि बिना वकील की सहायता, अपने वाद (केस) की उसने स्वयं पैरवी की. सब इंस्पेक्टर जिसने उसे पकड़ा था वह एक भारी और मध्यम आयु का व्यक्ति था जिसकी अच्छी खासी तोन्द बाहर निकल रही थी. उसने ही शपथ लेकर मुल्जिम का पीछा कर पकड़ लेने की गवाही दी थी. जब मुलजिम से पूछा गया कि उसको इस संबंध मे क्या कहना है, तो उसने कहा, "हुजूर जरा इस पुलिस वाले पर नजर डालिए और फिर मुझे देखिए, यह कितना मोटा है, यह मुझे कैसे पकड़ सकता है?

इसकी बात पर आप कैसे विश्वास कर सकते हैं? फैंटम उसके इस तर्क से प्रभावित हो गया. उसने मुल्जिम से न्यायालय के द्वार पर खड़ा होने को कहा और सब इंस्पेक्टर को उस से दस गज पीछे खड़ा कर दिया. उसने मुलजिम को सचेत किया कि अगर वह पकड़ा गया तो छह महीने की जेल काटनी होगी और अगर नहीं पकड़ा गया तो उसे न्यायालय में आने की कोई आवश्यकता नहीं है. पीछा करने की दौड़ शुरू हो गयी और मुल्जिम आँखों से ओझल हो गया, जब कि मोटा पुलिस वाला द्वार तक ही पहुँच पाया. ऐसी स्वच्छंद कार्यशैली से फैंटम ने अपने नाम को प्रसिद्ध कर लिया था."

दान की बछिया के दाँत गिने ही जाने चाहिए

कैप्टेन प्रभान्शु श्रीवास्तव

जब भी सामाजिक परिक्षेत्र में सामाजिक उन्नयन हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की बात आती है, तो यह जरूर ध्यान में आता है कि, विगत ७५ सालों से निरंतर और निर्बाध, भारत सरकार और सभी राज्य सरकारें अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से, प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये जनकल्याणकारी योजनाओ हेतु व्यय कर रही है, पर ऐसा क्या है कि, आज भी धरातल पर इन योजनाओं का सही लाभ अभीष्ट लक्ष्य समूह को उस रूप में नहीं प्राप्त हो रहा है, जैसा कि योजना विशेष का मंसूबा था. अब भी समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग इन योजनाओं से अछूता तो नहीं है पर उसका समुचित गुणवत्ता पूर्ण लाभ ले पाने में असफल है.

गहनता से चिंतन करने पर यदि हम विश्लेषण में जायें तो हम पाते हैं की भारतीय समाज में लोगो को स्थितप्रज्ञता अथवा निरपेक्षता का भाव सहज स्वीकार्य हैं जब तक उनका खुद का पैसा खर्च न हो रहा हो.अन्यथा अपने लिए सस्ती से सस्ती चीज खरीदते समय भी उसकी गुणवत्ता देखने के उपरांत ही वे उससे खरीदते हैं चाहे वो हरी मिर्च हो, पुदीने की पत्ती हो या धनिया पत्ती. पर जहाँ कोई वस्तु उन्हें बिना मूल्य चुकाए दान में, या मुफ्त प्राप्त होती है, चाहे वो सरकारी हो, गैर सरकारी हो, या किसी एनजीओ की हो,या किसी संस्था के सीएसआर फंड से किया जाने वाला ब्यय हो, यहाँ तक कि चाहे भंडारा ही हो, वहाँ गुणवत्ता को परखने का भाव तिरोहित हो जाता है. उसकी जगह समाज में शुकराने / धन्यवाद का भाव, या उपकृत होने का भाव आ जाता है, जहाँ आदमी सीधे सीधे संतुष्ट हो जाता है क्योंकि वो ये मानता है कि इस समूची प्रक्रिया में उसका कुछ भी योगदान या उसके घर से या उसके पल्ले से कुछ नहीं जा रहा है तो उसे क्या ?

यहाँ कदाचित पीढी दर पीढी से चला आ रहा सामुदायिक ज्ञान, कि दान की बछिया के दाँत नहीं देखे जाते,का भाव क्रियात्मक रूप से सार्थक होने लगता है. यदि कोई चीज फ्री या मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही है, तो उसे यथा स्थिति जो जैसा है उसे वैसे ही रूप में स्वीकारना है, उसमें कोई मीन मेख नहीं निकाला जाना चाहिए, या नहीं निकाले जाने की परंपरा है. इसके विपरीत, प्राप्त करने वाला व्यक्ति अनावश्यक रूप से उपकृत महसूस करता है, एहसानमंद होता है या प्रक्रियागत रूप से जिस व्यक्ति विशेष ने योजनान्तर्गत उस वस्तु विशेष को प्राप्त करने में उसकी मदद की है उसके प्रति वह उपकृत भाव से, उसे माई बाप मानते हुए कृतज्ञता का भाव रखते हुए, ये मान लेता है की इन बाबू साहब, या इन प्रधानजी, या इन कार्पोरेटर, या इन पंडित जी, या इन नेताजी की वजह से ही उसे ये है चीज उपलब्ध हुई है बिना इस बात का संज्ञान लिए कि इस सब प्रक्रिया के पीछे सरकारो की अपनी कल्याणकारी योजना है जिसका लक्ष्य व स्वयं है.

फलस्वरूप, “ऐसा ही मिला है, जो मिला वही तो बाटेंगे, पीछे से नहीं आया, हमें ही तोलकर नहीं मिलता, अभी नहीं आया इस महीने का आया ही नहीं” आदि कारण सुनकर सभी संतुष्ट हो जाते हैं. कोई प्रश्न नहीं करता और स्थितप्रज्ञता के भाव से स्थिति को स्वीकार कर लिया जाता है, जिससे भ्रष्टाचार को पुष्पित और पल्लवित होने हेतु उर्वर स्थितियां उपस्थित होती है जिनका दोहन हितबद्ध समूह बखूबी से करता है और करता आ रहा है.

वर्णित परिस्थिति में, तमाम सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों, जन जागरूकता शिविर प्रशिक्षण के बावजूद, जनमानस में आज भी सरकार द्वारा मुहैया कराई गई, मुफ्त वस्तुओं की गुणवत्ता को परखने या उसे सबल रूप से सुनिश्चित करने के भाव का लोप या उसके प्रति जागरूकता का अभाव है. ऐसे में इस बात की आवश्यकता है कि, केंद्र सरकार की अथवा राज्य सरकार की हर योजना के बारे में, लक्ष्य समूह के प्रत्येक सदस्य को इस बात का ज्ञान होना ही चाहिए कि, उसे किस योजना की पात्रता प्राप्त है, उस योजना में क्या मिलता है, उसकी गुणवत्ता के मानक क्या है, और वो कितनी मात्रा में, और कहाँ उपलब्ध होगा, और कितने समय के अंतराल में यह सुविधा उसे प्राप्त होती रहेंगी. बिना इस जानकारी के अथवा इस ज्ञान के अभाव में इन योजनाओं का हश्र कमोबेश ऐसा ही होता रहेगा जैसा होता आया है.

स्वतंत्रता के अमृत वर्ष में इसे एक मिशन के रूप में लिया जाना चाहिए ओर हर स्तर पर ये प्रयास हो कि, हर सरकारी योजना के, हर लक्ष्य समूह के, समस्त लाभार्थियों को योजनाओं से संबंधित मूलभूत जानकारी का ज्ञान उन्हें कराया जाय. जिससे योजना से लाभान्वित होते समय, चाहे वो केंद्र सरकार की योजना हो, या राज्य सरकार की योजना हो, उन्हें प्राप्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता का उन्हें भान हो और वो वस्तुओं को गुणवत्ता की कसौटी पर कसकर, बिना किसी भय समझौते के, उस सामग्री को प्राप्त करें और उसके संबंध में अगर उनकी कोई शिकायत है, तो उसे भी दर्ज करा सके. जब तक इस पर एकाग्र होकर ध्यान नहीं दिया जाएगा, योजनाओं का जो प्रभाव(इम्पैक्ट) धरातल पर पड़ना चाहिए, नहीं पडेगा. समय की मांग है कि, उपकृत होने, आभार मानने, या कृतज्ञता के भाव को तिलान्जलि देते हुए दान की बछिया, भले ही वह केंद्र सरकार की है या राज्य सरकार की है, उसके दाँत गिने ही जाने चाहिए और यह मानसिक परिवर्तन गुणवत्ता की परख हेतु प्रत्येक लाभार्थी को जानकार समर्थवान बना कर ही संभव हो पायेगी.

आध्यात्म चर्चा

साधना भवन ट्रस्ट मनगढ़ से प्रकाशित
जगद्गुरू श्री कृपालु जी महाराज द्वारा
विरचित 'प्रेम रस सिद्धांत' से साभार

सर्वप्रथम यह विचार कीजिए कि संसार के किसी भी पदार्थ में आनंद नहीं है. आप कहेंगे कि हम लोगों को जब धन, पुत्र, स्त्री, पति आदि मैं आनंद मिलता है तब हमारी बुद्धि यह कैसे मान लें कि संसार में आनंद नहीं है? किन्तु गंभीरतापूर्वक विचार करने पर बुद्धि अपना निश्चय बदल देगी. अच्छा ये बताइए कि वह कौन सी वस्तु है जिसमें आनंद है? यदि किसी एक वस्तु में आनंद होता तो एक तो वह आनंद सबको मिलता, दूसरे उस आनंद का वियोग न होता अर्थात उस पर दुख का अधिकार न हो पाता किंतु ये दोनों ही बातें किसी पदार्थ से सिद्ध नहीं होती यथा मदिरा को ही ले लीजिए. मदिरा के नाम से एक घोर पियक्कड़ शराबी को आनंद मिलता है, पुनः पीने से तो मिलता ही होगा किंतु उसी मदिरा से एक धर्मात्मा पंडित को महान अशांति होती है. यदि खाने के साथ शराबी के आगे शराब रख दी जाए तो वह बहुत खुश होगा, जबकि वह कर्मकाण्डी पण्डित बहुत दुखी होगा. तो शराब में शराबी के अनुभव में आने वाला सुख है या पंडितजी के अनुभव में आने वाला दुख है. यदि आप कहें कि पंडित जी ने शराब को पिया नहीं, देखकर ही अशांत हो रहे हैं, यदि पीते तो उन्हें भी शराबी की भाँति आनंद ही मिलता, तो यह कहना भ्रांतिजनक है, क्योंकि यदि पंडितजी को शराब पिला दी जाए तो उल्टी हो जाएगी और शायद धर्म के नाते जीवन भर दुखी रहेंगे.

कल्पना कीजिए कि उमेश नामक व्यक्ति है, उसके स्त्री है, एक बच्चा भी है, एक मित्र है, एक नौकर है, एक पड़ोसी है एवं एक कर्जदार पड़ोसी भी है. उस उमेश की अचानक मृत्यु हो गई. उसकी स्त्री ने सुना और सुनते ही दुख में मूर्छित होकर गिर पड़ी, पुत्र ने सुना तो वह मूर्छित तो नहीं हुआ किन्तु अत्यंत अधीर होकर रोने लगा, मित्र ने सुना वह अधीर होकर नहीं रोया किन्तु २ चार आँसू निकल ही आए, नौकर ने सुना उसे आँसू तो नहीं आए किन्तु हल्की सी वेदना अवश्य हुई. अब पड़ोसी ने भी सुना उमेश संसार से चल बसे, उन्हें न दुख हुआ न सुख. उन्होंने अपनी झाड़ू लगाती हुई पत्नी से कहा,"अरी सुनती हो वह पड़ोसी उमेश थे न उनकी अभी मृत्यु हो गई." स्त्री को दुख हुआ ना सुख किन्तु सभ्यता के नाते उसने यह अवश्य कहा कि," राम राम बड़ा बुरा हुआ उसका बच्चा अभी छोटा ही है, स्त्री युवती है भगवान की जैसी इच्छा." ऐसा कहते हुई झाड़ू लगाती रही झाड़ू लगाना उसनें बंद नहीं किया. अब दूसरे पड़ोसी को देखिए उसने सुना कि उमेश मर गया तो उसे बड़ा सुख मिला क्योंकि वह उसका कर्जदार था तो सोचा चलो कर्जे से छुट्टी मिली.

थोड़ी देर बाद ही उमेश जीवित हो गया. वास्तव में वह मरा नहीं था अभिनय कर रहा था. उसको जीवित सुनकर उसकी स्त्री वो पुनरू खुशी से बेहोश हो गई, पुत्र ने सुना वो खुशी के आँसू बहाने लगा. दोस्त ने सुना, वह विशेष खुश हुआ किन्तु पुत्र से कम. नौकर ने सुना उसे भी हल्की खुशी हुई. पड़ोसी ने सुना तो उसने फिर अपनी झाड़ू लगाती हुई पत्नी से कहा,"अरी सुनो तो वह पड़ोसी जो मर गया था पुनः जीवित हो गया. झाड़ू लगाते लगाते ही स्त्री ने कहा,"चलो अच्छा हुआ बिचारे की गृहस्थी को कौन संभालता". कर्जदार पड़ोसी ने सुना तो उसे महान कष्ट

हुआ क्योंकि उसे कर्ज का रुपया देना पड़ेगा. अब आप बताइए उमेश में सुख है या दुख है? या दोनों नहीं है? यदि सुख है तो जितना स्त्री को मिला है उतना सुख है या उससे कम जो पुत्र को मिला है उतना सुख है या उससे कम जो दोस्त को मिला है उतना सुख है? अथवा यह बताइए कि जो कर्जदार पड़ोसी को दुख मिला है वह दुख है? अथवा यह बताइए कि जो पड़ोसी को न सुख मिला न दुख वह है? कौन स्थिति उमेश में है? सब का अनुभव भिन्न है. अतएव यह सिद्ध हुआ कि उमेश में न सुख है न दुख. जिसने जितना सुख स्वार्थ पूर्ति के उद्देश्य से उमेश में मान लिया था बस उसे वहीं अपना माना हुआ उतनी ही मात्रा का सुख मिल रहा है और वह भोलेपन में यह समझ रहा है कि उमेश से सुख मिल रहा है भावार्थ यह कि जिस वस्तु में जितनी मात्रा का सुख जो व्यक्ति मान लेता है उस वस्तु से उतनी मात्रा का सुख उस व्यक्ति को मिलने लगता है और वह भ्रांतिवश समझ बैठता है कि अमुक वस्तु से अमुक मात्रा का सुख मिल रहा है

एक नियम यह भी समझ लेना चाहिए कि जब किसी वस्तु में सुख नहीं है तो किसी वस्तु से दुख भी नहीं मिल सकता. दुख मिलना केवल सुख मिलने पर निर्भर है. देखिए, उमेश के मरने पर सर्वाधिक दुख स्त्री को, उससे कम पुत्र को, उससे कम मित्र को, उससे कम नौकर को, न सुख न दुख पड़ोसी को, एवं सुख कर्जदार पड़ोसी को मिला. इसका भावार्थ यह है कि जिस व्यक्ति को जिस वस्तु के मिलने से जितना आनंद मिलता है उस व्यक्ति को उस वस्तु के बियोग में उतना ही दुख भी मिलता है. वस्तुतः उस वस्तु में दुख नहीं होता यह हमारी ही काल्पनिक मान्यता का परिणाम मात्र है.

दूसरी बात यह भी है कि जिस वस्तु से जिसे जो सुख मिलता है वह भी प्रतिक्षण घटता हुआ होता है जैसे एक माँ अपने खोए हुए पुत्र के लिए २ दिन से रो रही है उसकी अभिलाषा है एक बार पुत्र मिल जाता तो उसको दौड़कर चिपटाकर प्यार कर लेती. मान लीजिए वह मिल गया. अब उसने दौड़ लगायी बेटा ! बेटा !कहकर बेटे को चिपटाया बड़ा आनंद मिला. दूसरी बार चिपटाया, आनंद कम मिला, तीसरी बार और कम, दसवीं बार न आनंद मिला न दुख, ग्यारहवीं बार माँ यह कहने लगी लगी," बेटा जाओ खेल आओ मगर बेटा अब भी गोद में चिपटा रहना चाहे तो माँ को दुख भी होने लगता है और वह झल्ला कर कहती है क्या तुम एक अनोखे बेटे हो जो हमेशा तुम्हें छाती पर चढ़ाये रखें और भी तो काम करना है

आप लोग रसगुल्ला खाते होंगे. जब पहला रसगुल्ला खाते हैं तो बड़ा सुख, दूसरे मैं उससे कम सुख, तीसरे में और कम, दसवें में न सुख न दुख, ग्यारहवें में दुख, पंद्रहवें में इतना दुः ख मिलता है कि आप चिल्ला पड़ते हैं कि,"अरे भाई मर जाएंगे अब न खिलाओ उल्टी होने वाली है." यदि रसगुल्ले में सुख है तो यह कमीबेशी क्यों? एवं पुनः दुख क्यों? यह सब धोखा है यह हमारी ही कल्पना का परिणाम है.

प्यास लगने पर पानी प्रिय लगता है, प्यास समाप्त होने होते ही पानी अप्रिय लगता है. कामयुक्त पुरुष को स्त्री अच्छी लगती है काम रहित होने पर वही स्त्री भार सी लगती है. यह सब का स्वयं अनुभूत विषय है. अतएव यह भ्रांति समझ में आ जानी चाहिए कि संसार की किसी वस्तु में सुख नहीं है.यह तो हमारी स्वयं की ही कल्पना का दुष्परिणाम है देखिए आप लोग यह समझते हैं कि सुंदरता में सुख है किन्तु आप की अनुभूति इसके विपरीत होती है जैसे एक माँ का कुरूप पुत्र मेले में खो गया है वह कोतवाली में इकट्ठे अनेक बच्चे देखती है किन्तु उसे सुख नहीं मिलता उसे तो अपना काना कुरूप बच्चा ही सुख प्रद हो सकता है.



साहित्यिक गलियारे से

राजकमल प्रकाशन से छपी श्रीलाल शुक्ल जी की कालजयी कृति 'रागदरबारी; उपन्यास का एक अंश

"ट्रक के पीछे से काफ़ी देर से हार्न बजता आ रहा था। रंगनाथ उसे सुनता रहा था और ड्राइवर उसे अनसुना करता रहा था। कुछ देर बाद पीछे से क्लीनर ने लटककर ड्राइवर की कनपटी के पास खिड़की पर खटखट करना शुरू कर दिया। ट्रक वालों की भाषा में इस कार्रवाई का निश्चित ही कोई खौफ़नाक मतलब होगा, क्योंकि उसी वक्त ड्राइवर ने रफ़्तार कम कर दी और ट्रक को सड़क की बायीं पटरी पर कर लिया।

हार्न की आवाज़ एक ऐसे स्टेशन वैगन से आ रही थी जो आजकल विदेशों के आशीर्वाद से सैकड़ों की संख्या में यहाँ देश की प्रगति के लिए इस्तेमाल होते हैं। और हर सड़क पर हर वक्त देखे जा सकते हैं। स्टेशन वैगन दाएँ से निकलकर आगे धीमा पड़ गया और उससे बाहर निकले हुए एक खाकी हाथ ने ट्रक को रुकने का इशारा दिया। दोनों गाड़ियां रुक गईं।

स्टेशन वैगन से एक अफ़सरनुमा चपरासी और एक चपरासीनुमा अफ़सर उतरे। खाकी पहने हुए दो सिपाही भी उतरे। उनके उतरते ही पिंडारियों जैसी लूट खसोट शुरू हो गई। किसी ने ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस छीना। किसी ने रजिस्ट्रेशन कार्ड, कोई बैक व्यू मिरर खटखटाने लगा तो कोई ट्रक का हार्न बजाने लगा। कोई ब्रेक देखने लगा। उन्होंने फुट बोर्ड हिलाकर देखा, बत्तियाँ जलाईं, पीछे बजने वाली घंटी टुनटुनाई। उन्होंने जो कुछ भी देखा, वह ख़राब निकला। जिस चीज़ को छुआ, उसी में गड़बड़ी आ गई। इस तरह उन चार आदमियों ने चार मिनट में लगभग चालीस दोष निकाले और फिर एक पेड़ के नीचे खड़े होकर इस प्रश्न पर बहस करनी शुरू कर दी कि दुश्मन के साथ कैसा सुलूक किया जाए।

रंगनाथ की समझ में कुल यही आया कि दुनिया में कर्मवाद के सिद्धांत पोएटिक जस्टिस आदि की कहानियाँ सच्ची हैं। ट्रक की चेकिंग हो रही है और ड्राइवर से भगवान उसके अपमान का बदला ले रहा है। वह अपनी जगह बैठा रहा। पर इसी बीच ड्राइवर ने मौक़ा निकालकर कहा," श्रीमान जी ज़रा नीचे उतर आवें। वहाँ गियर पकड़कर बैठने की अब क्या ज़रूरत है?"

रंगनाथ एक दूसरे पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गया। उधर ड्राइवर और चेकिंग जत्थे में ट्रक के एक एक पुर्ज़े को लेकर बहस चल रही थी। देखते देखते बहस पुर्जों से फिसलकर देश की सामान्य दशा और आर्थिक दुरवस्था पर आ गई और थोड़ी ही देर में उपस्थित लोगो ंकी छोटी छोटी उप समितियां बन गई। वे अलग अलग पेड़ों के नीचे एक-एक विषय पर विशेषज्ञ की हैसियत से विचार करने लगी। काफ़ी बहस हो जाने के बाद एक पेड़ के नीचे खुला अधिवेशन जैसा होने लगा और कुछ देर में जान पड़ा, गोष्ठी ख़त्म होने वाली है।

आखरी में रंगनाथ को अफ़सर की मिमीयाती आवाज़ सुन पड़ी, "तो क्यों मियाँ अशफाक क्या राय है? माफ़ किया जाये? "चपरासी ने कहा, "और कर ही क्या सकते हैं हजूर? कहाँ तक चालान कीजियेगा। एकाध गड़बड़ी हो तो चालान भी करें "एक सिपाही ने कहा, "चार्जशीट भरते

भरते सुबह हो जाएगी। “इधर उधर की बातों के बाद अफ़सर ने कहा, “अच्छा जाओ जी बंटा सिंह तुम्हें माफ़ किया।“ ड्राइवर ने खुशामद के साथ कहा, “ऐसा काम श्रीमान जी ही कर सकते हैं।“अफ़सर काफ़ी देर से दूसरे पेड़ के नीचे खड़े हुए रंगनाथ की ओर देख रहा था। सिगरेट सुलगाता हुआ वह उसकी ओर आया। पास आकर पूछा, “आप भी इसी ट्रक पर जा रहे है।“

”जी हाँ“

”आप से इसने कुछ किराया तो नहीं लिया है?“

”जी नहीं“

अफ़सर बोला, “वह तो मैं आपकी पोशाक ही देखकर समझ गया था, पर जाँच करना मेरा फ़र्ज़ था।“रंगनाथ ने उसे चिढ़ाने के लिए कहा, “यह असली खादी थोड़े ही है। यह मिल की खादी है।’उसने इज्जत के साथ कहा, “अरे साहब खादी तो खादी! उसमें असली नक़ली का क्या फिर फ़र्क।“अफ़सर के चले जाने के बाद ड्राइवर और चपरासी रंगनाथ के पास आए। ड्राइवर ने कहा, “ज़रा दो रुपया तो निकालना जी! “उसने मुँह फेरकर कड़ाई से जवाब दिया, “क्या मतलब है? मैं रुपया क्यों दूँ? ड्राइवर ने चपरासी का हाथ पकड़कर कहा श्रीमानजी मेरे साथ आइए। जाते जाते वह रंगनाथ से कहने लगा, “तुम्हारी ही वजह से मेरी चेकिंग हुई। और तुम्हीं मुसीबत में मुझसे इस तरह बात करते हो? तुम्हारी यही तालीम है?

वर्तमान शिक्षा पद्धति रास्ते में पड़ी हुई कुतिया है, जिसे कोई भी लात मार सकता है। ड्राइवर भी उस पर रास्ता चलते चलते एक ही जगह जुमला मारकर चपरासी के साथ ट्रक की ओर चल दिया।

रंगनाथ ने देखा शाम घिर रही है, उसका अटैची ट्रक में रखा है, शिवपाल गंज अभी पाँच मील दूर है और उसे लोगों की सद्भावना की ज़रूरत है। वह धीरे धीरे ट्रक की ओर आया। उधर स्टेशन वैगन का ड्राइवर हार्न बजा बजाकर चपरासी को वापस बुला रहा था। रंगनाथ ने दो रूपये ड्राइवर को देने चाहे। उसने कहा, “अब दे ही रहे हो तो अर्दली साहब को दो। मैं तुम्हारे रुपयों का क्या करूँगा? कहते कहते उसकी आवाज़ में उन सन्यासियों की खनक आ गई जो पैसा हाथ से नहीं छूते, सिर्फ़ दूसरों को यह बताते हैं कि तुम्हारा पैसा हाथ का मैल है।“

www.lawcode.eu से साभार

आज की दुनिया में, जो वैश्विक चुनौतियों की विशेषता है, स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। हमारी आजीविका और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य काफी हद तक एक बरकरार पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर करता है। हालाँकि, वास्तविकता यह है कि प्रदूषण हमारी आजीविका के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। वायु प्रदूषण और मिट्टी के प्रदूषण से लेकर महासागरों के प्रदूषण तक - इसके प्रभाव कई गुना हैं और हम सभी को प्रभावित करते हैं। विषेश रूप से जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के समय में, हमारे पर्यावरण की रक्षा के लिए कार्रवाई करने की अत्यावश्यकता पहले से कहीं अधिक स्पष्ट होती जा रही है। इस संदर्भ में खतरनाक संकेत हैं, उदाहरण के लिए, जैव विविधता का नुकसान और प्राकृतिक आवासों का विनाश, जो यह स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने की तत्काल आवश्यकता है। यह लेख विभिन्न प्रकार के प्रदूषण का विश्लेषण करता है, लोगों और प्रकृति पर उनके प्रभाव पर चर्चा करता है, और पर्यावरण संरक्षण उपायों को लागू करने और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए जलवायु मुकदमों और अन्य उपायों की भूमिका की जांच करता है।

संक्षेप में: पर्यावरण प्रदूषण पर एक नजर

प्रदूषण का मतलब है हवा, पानी या मिट्टी में हानिकारक पदार्थों का प्रवेश। इसका असर प्रकृति और मानव जीवन दोनों पर पड़ता है। वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जबकि समुद्री और मीठे पानी का प्रदूषण समुद्री आवासों को खतरे में डालता है और पीने के पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। मृदा प्रदूषण पारिस्थितिकी तंत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और मिट्टी की उर्वरता को कम करता है।

वायु, जल और मृदा प्रदूषण जैसे प्रदूषण के विभिन्न प्रकार हैं , साथ ही विकिरण, ध्वनि और प्रकाश प्रदूषण जैसे गैर-भौतिक उत्सर्जन भी हैं। उद्योग, ऊर्जा उत्पादन और गहन कृषि इसमें योगदान करते हैं। प्रदूषण के परिणाम बहुत ही भयानक हैं और इनका असर न केवल वन्यजीवों पर पड़ता है, बल्कि इंसानों पर भी पड़ता है। जलवायु से जुड़े मुकदमों ने दुनिया भर में महत्व हासिल कर लिया है, जिससे पर्यावरण और जलवायु की रक्षा के लिए सरकारों और कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना संभव हो गया है। प्रदूषण से निपटने के लिए, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को कम करने, उत्सर्जन की निगरानी करने, हानिकारक रसायनों को विनियमित करने और वैष्विक CO2 उत्सर्जन को नियंत्रित करने जैसे उपाय आवश्यक हैं। एक टिकाऊ भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

सरकारें सख्त पर्यावरण मानकों को लागू करती हैं, कंपनियाँ तेजी से अधिक पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपना रही हैं, और उपभोक्ता टिकाऊ उत्पादों और सेवाओं की मांग कर रहे हैं। व्यक्तिगत कार्य भी

योगदान दे सकते हैं, जैसे एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करना, ऊर्जा की बचत करना और सचेत रूप से उपभोग करना।

हमारे स्वास्थ्य और अगली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा के लिए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के उपाय करना महत्वपूर्ण है। हम सब मिलकर सभी के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बना सकते हैं।

पर्यावरण प्रदूषणः एक परिभाषा

स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे ग्रह पर सभी जीवित प्राणियों, जिनमें हम मनुष्य भी शामिल हैं, के कल्याण का आधार बनता है। एक अखंड पर्यावरण न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा, स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार मानव अधिकारों से निकटता से जुड़ा हुआ है। हर किसी को स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और एक अखंड प्राकृतिक पर्यावरण का अधिकार है। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए इन अधिकारों की रक्षा और संरक्षण किया जाना चाहिए।

ऐसे विश्व में जहां प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन बढ़ रहे हैं, हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कार्रवाई करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।प्रदूषण एक व्यापक समस्या है जिसका स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार पर नाटकीय प्रभाव पड़ता है। यह अधिकार सीधे पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के दायित्व से जुड़ा हुआ है। इसलिए इस अधिकार की गारंटी और भावी पीढ़ियों के जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदूषण के खिलाफ लगातार लड़ाई जरूरी है। लेकिन प्रदूषण वास्तव में क्या है?

पर्यावरण प्रदूषण भारी धातुओं और कीटनाशकों जैसे हानिकारक पदार्थों का पर्यावरण में प्रवेश है, चाहे वह हवा हो, पानी हो या मिट्टी। इसके प्रभाव कई गुना हैं और न केवल प्रकृति बल्कि मानव जीवन को भी प्रभावित करते हैं। हवा में मौजूद रसायन स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं, जबकि प्रदूषित पानी न केवल पीने के पानी की पहुंच को प्रभावित कर सकता है बल्कि कृषि को भी प्रभावित कर सकता है। अपशिष्ट या उत्सर्जन से होने वाला वायु प्रदूषण न केवल जलवायु को प्रभावित करता है, बल्कि लोगों के जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इसलिए प्रदूषण एक जटिल मुद्दा है जिसका हमारे दैनिक जीवन और हमारे पर्यावरण के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

पर्यावरण प्रदूषण के प्रकार

वायु प्रदूषणः

वायु प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है जिसका हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। यह मुख्य रूप से प्रदूषकों के कारण होता है जो वायुमंडल में प्रवेश करते हैं और वायु की गुणवत्ता में गिरावट लाते हैं। ये हानिकारक पदार्थ अस्थमा, हृदय रोग और स्ट्रोक के विकास से जुड़े हैं।

वायु प्रदूषण से निपटने में एक समस्या हानिकारक पदार्थों में लगातार बदलाव है। ऐसे कई वायु प्रदूषक हैं जो पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। जब ये प्रदूषक हवा में छोड़े जाते हैं, तो वे तापमान, आर्द्रता और अन्य पर्यावरणीय स्थितियों के आधार पर एक-दूसरे और पर्यावरण के साथ जटिल तरीकों से प्रतिक्रिया करते हैं।

समुद्री प्रदूषणः

समुद्री प्रदूषण में प्लास्टिक अपशिष्ट, तेल, रसायन और अपशिष्ट जल जैसे हानिकारक पदार्थों को महासागरों में डालना शामिल है। इससे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और समुद्री जीवन के स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम होते हैं। प्लास्टिक अपशिष्ट, विशेष रूप से प्लास्टिक की बोतलें, पैकेजिंग और प्लास्टिक बैग जैसे एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा हैं। उदाहरण के लिए, प्लास्टिक अपशिष्ट को जानवर भोजन समझकर खा सकते हैं और इससे घातक चोट या दम घुटने की समस्या हो सकती है। तेल रिसाव का समुद्री जीवन पर भी विनाशकारी प्रभाव पड़ता है और यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर सकता है। रसायन और सीवेज पानी को प्रदूषित कर सकते हैं और पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं, जिसका पर्यावरण पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है।

ताजे पानी का प्रदूषणः

पीने के पानी का दूषित होना एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय खतरा है जो पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसमें नदियों, झीलों और भूजल स्रोतों में रसायनों, कीटनाशकों और सीवेज जैसे हानिकारक पदार्थों का निर्वहन शामिल है। ये संदूषक पानी को पीने, कृषि और जलीय कृषि के लिए अनुपयोगी बना सकते हैं।

मिट्टी का प्रदूषणः

मृदा प्रदूषण का तात्पर्य रसायनों, भारी धातुओं, कीटनाशकों और अपशिष्ट जैसे हानिकारक पदार्थों द्वारा मिट्टी के संदूषण से है। यह प्रदूषण प्राकृतिक और मानवीय दोनों कारणों से हो सकता है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसके प्रभाव बिगड़े हुए पारिस्थितिकी तंत्र

और बंजर मिट्टी से लेकर बीमारी के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि और फसल की पैदावार में कमी तक हो सकते हैं।

दूषित स्थल और मृदा क्षरण:

दूषित स्थल वे स्थल हैं जो मानवीय गतिविधियों के कारण दूषित हो गए हैं और जो लोगों और पर्यावरण के लिए जोखिम पैदा करते हैं। ये रसायन, भारी धातु या अन्य प्रदूषकों के कारण हो सकते हैं और स्थायी मृदा प्रदूषण का कारण बन सकते हैं। दूसरी ओर, मृदा क्षरण का अर्थ है कटाव, सीलिंग या अत्यधिक उपयोग के कारण मृदा की गुणवत्ता में कमी। इससे मृदा की उर्वरता में कमी, आवासों का विनाश और जल की गुणवत्ता में गिरावट हो सकती है।

अपशिष्ट का उत्पादन:

कचरे का पर्यावरण प्रदूषण से क्या संबंध है? अगर कचरे का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है, तो इसका पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, प्लास्टिक कचरा जल निकायों में जाकर समुद्री आवासों और समुद्री जीवन को खतरे में डाल सकता है। इसके अलावा, कचरे को जलाने से हानिकारक उत्सर्जन निकल सकता है और वायु प्रदूषण में योगदान हो सकता है।

गैर-भौतिक उत्सर्जन से प्रदूषण:

पर्यावरण प्रदूषण और इसके विभिन्न रूपों पर चर्चा करते समय, गैर-भौतिक उत्सर्जन के कारण होने वाले प्रदूषण पर करीब से नजर डालना महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के प्रदूषण में विकिरण, ध्वनि और प्रकाश प्रदूषण जैसे विभिन्न पहलू शामिल हैं, जिन्हें अक्सर कम करके आंका जाता है।

विकिरण विभिन्न स्रोतों से आ सकता है, उदाहरण के लिए, मोबाइल फोन मस्तूल या एक्स-रे मशीनों से विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र सहित। हालाँकि प्रदूषण का यह रूप वायु या जल प्रदूषण की तुलना में कम दिखाई देता है, उदाहरण के लिए, इसका लोगों और पर्यावरण पर प्रभाव पड़ सकता है। आयनकारी विकिरण के संपर्क में आने से स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचने का जोखिम होता है, विशेष रूप से डीएनए के क्षेत्र में।

ध्वनि प्रदूषण मुख्य रूप से यातायात, उद्योग या निर्माण स्थल के शोर के कारण होता है और इससे तनाव, नींद संबंधी विकार और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। शहरीकरण बढ़ने से यह समस्या और भी बढ़ जाती है।

प्रकाश प्रदूषण को भी अक्सर कम करके आंका जाता है, हालांकि इसका वनस्पतियों और जीवों के साथ-साथ मानव बायोरिदम पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। रात के समय की रोशनी खास तौर पर शहरों में एक बड़ी समस्या है।

इसलिए न केवल पर्यावरण प्रदूषण के पारंपरिक रूपों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, बल्कि गैर-भौतिक उत्सर्जन पर भी नजर रखना और इन प्रभावों को कम करने के उपाय करना भी महत्वपूर्ण है।

हानिकारक पदार्थ

आज की दुनिया में, विभिन्न पदार्थों के बारे में जागरूक होना बहुत महत्वपूर्ण है जो संभावित रूप से पर्यावरण को प्रदूषित कर सकते हैं। हानिकारक पदार्थों की सूची लंबी और विविध है। रसायन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं - चाहे उद्योग में हो या घर में। भारी धातुएँ जैसे सीसा, पारा और कैडमियम विशेष रूप से लोगों और पर्यावरण के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

तेल, चाहे कच्चे तेल के रूप में हो या पेट्रोलियम उत्पादों के रूप में, पर्यावरण प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक है। कृषि में नाइट्रेट और फास्फेट जैसे उर्वरकों के साथ-साथ कीटनाशकों, शाकनाशियों और कवकनाशियों का अनुचित उपयोग भी हमारे पर्यावरण के प्रदूषण में योगदान देता है।

जीवाश्म ईंधन को जलाने से कार्बन डाइअहक्साइड निकलता है, जिसका हमारे जलवायु पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। CO2 के अलावा, नाइट्रोजन आक्साइड, अमोनिया, सल्फर डाइआक्साइड, फार्मास्यूटिकल्स और एंटीबायोटिक्स भी पर्यावरण को प्रदूषित कर सकते हैं। नाइट्रोजन आक्साइड मुख्य रूप से यातायात और औद्योगिक प्रक्रियाओं द्वारा उत्सर्जित होते हैं और वायु प्रदूषण में योगदान करते हैं। अमोनिया मुख्य रूप से कृषि द्वारा उत्सर्जित होता है और मिट्टी और पानी के अम्लीकरण में योगदान देता है। सल्फर डाइआक्साइड मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के दहन से उत्सर्जित होता है और अम्लीय वर्षा के निर्माण में योगदान देता है।

औषधियां और एंटीबायोटिक्स अक्सर अपशिष्ट जल के माध्यम से पर्यावरण में प्रवेश करते हैं और बैक्टीरिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोध या जलीय जीवन में परिवर्तन जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

बेंजीन जैसे हाइड्रोकार्बन और रेडियोधर्मी पदार्थ अतिरिक्त जोखिम पैदा करते हैं। इन खतरनाक पदार्थों के संपर्क में आने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, खासकर लंबे समय तक और गहन संपर्क के मामले में।

प्रदूषण कौन पैदा करता है? प्रदूषण के स्रोत

पर्यावरण प्रदूषण मुख्य रूप से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के कारण होता है। भारी उद्योग और ऊर्जा उत्पादन विशेष रूप से इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रदूषकों और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पर्यावरण को प्रदूषित करता है और जलवायु परिवर्तन में योगदान देता है।

वायु

वायु प्रदूषण का मुख्य स्रोत मानवीय गतिविधियाँ हैं। उत्सर्जन मुख्य रूप से घरों, उद्योग, परिवहन और कृषि गतिविधियों में ऊर्जा के उपयोग के कारण होता है। परिवहन क्षेत्र में उत्सर्जन विशेष रूप से अधिक है। वाहनों से उच्च **CO2** उत्सर्जन और जीवाष्म ईंधन के दहन से निकलने वाली गैसें वायु प्रदूषण में योगदान करती हैं और हमारे द्वारा साँस ली जाने वाली हवा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। इसके अलावा, सड़कों का दैनिक उपयोग कटाव के माध्यम से और अधिक प्रदूषक पैदा करता है। नाइट्रोजन और सल्फर अहक्साइड जैसे दहन उत्पाद वातावरण में अम्लीय वर्षा में बदल जाते हैं, जो मिट्टी को अम्लीय बना देता है। इससे मिट्टी में एल्युमिनियम आयन निकलते हैं, जो पौधों और मिट्टी के जीवाणुओं को नुकसान पहुँचाते हैं।

यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी के अनुसार, घरेलू हीटिंग सिस्टम वायु प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। वाणिज्यिक, संस्थागत और आवासीय इमारतें पार्टिकुलेट मैटर (PM 2.5) उत्सर्जन में 53% योगदान देती हैं। यूरोप में नाइट्रोजन आक्साइड (NOx) उत्सर्जन का लगभग 45% और अन्य प्रमुख प्रदूषक उत्सर्जन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा यातायात के कारण होता है। सड़क यातायात भी पर्यावरणीय शोर का सबसे आम स्रोत है, जो यूरोप में कई लोगों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। इसके विपरीत, यूरोप में 90% अमोनिया उत्सर्जन कृषि के कारण होता है।

जमीन

मिट्टी एक महत्वपूर्ण संसाधन है जिसे अक्सर कम आंका जाता है। यह पौधों के लिए भोजन के स्रोत के रूप में कार्य करता है, जो बदले में हमारे आहार का आधार बनते हैं। मिट्टी पानी का भंडारण भी करती है और जलवायु को नियंत्रित करती है। हालाँकि, पर्यावरण प्रदूषण और गहन कृषि हमारी मिट्टी की गुणवत्ता को लगातार खतरे में डाल रही है।

मृदा प्रदूषण के कारण विविध और अक्सर खेदजनक होते हैं। औद्योगिक गतिविधियाँ, अनुचित अपशिष्ट निपटान, कृषि पद्धतियाँ और खनन उनमें से हैं। पारंपरिक कृषि में अक्सर हानिकारक खेती के तरीकों का उपयोग किया जाता है जो दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन और परमाणु अपशिष्ट निपटान भी मृदा प्रदूषण में योगदान करते हैं। जहरीली मिट्टी नाटकीय रूप से मधुमक्खियों की मृत्यु में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसका पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी के अनुसार, यूरोपीय संघ में ६०-७५: कृषि मिट्टी में पोषक तत्वों की मात्रा अत्यधिक है। मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट के कारण प्रति वर्ष ५० बिलियन यूरो से अधिक की लागत आती है।

जल

हमारे जल का प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है जिसके कई कारण हैं। मनुष्य इसका मुख्य कारण है, साथ ही कृषि जैसे उद्योग भी जल के उपभोग और प्रदूषण दोनों के माध्यम से इसमें योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट जल, कृषि उर्वरक, घरेलू अपशिष्ट, तेल और अन्य प्रदूषकों जैसे प्रदूषकों का प्रवेश यहाँ निर्णायक भूमिका निभाता है। ये पदार्थ मिट्टी के माध्यम से या सीधे नदियों, झीलों और महासागरों में भूजल में प्रवेश करते हैं और जल की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

महासागर

महासागरों के प्रदूषण से समुद्री जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक प्रदूषण और तेल रिसाव से लेकर रासायनिक अवशेषों तक कई अलग-अलग कारण हैं। प्लास्टिक कचरा विशेष रूप से गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि यह धीरे-२ विघटित होता है और इसलिए लंबे समय तक समुद्र में रहता है।

दूसरी ओर, तेल रिसाव तेल ड्रिलिंग दुर्घटनाओं या टैंकर दुर्घटनाओं के कारण हो सकता है और समुद्री जीवन और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। यह प्रदूषण न केवल हमारे खाद्य संसाधनों को खतरे में डालता है, बल्कि महत्वपूर्ण मछली प्रजातियों और समुद्री पक्षियों को भी खतरे में डालता है। जहरीले शैवाल कालीन समुद्री आवास को और भी अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। विशेष रूप से चिंता का विषय तथाकथित मृत क्षेत्र हैं, जहां जीवन अब संभव नहीं है।

महासागरों में अत्यधिक मछली पकड़ना भी प्रदूषण का एक निर्णायक कारक है। मछली भंडार का अंधाधुंध दोहन समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को अस्थिर करता है और दीर्घावधि में उन्हें नुकसान पहुंचाता है।

इस पर्यावरणीय विनाश के परिणाम गंभीर हैं और इससे न केवल वनस्पति और जीव प्रभावित होते हैं, बल्कि तटीय पर्यटन को भी काफी नुकसान होता है।

पर्यावरण प्रदूषण के परिणाम

पर्यावरण प्रदूषण के स्वास्थ्य पर प्रभाव

लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन एक ऐतिहासिक अध्ययन है जो मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रभावों पर एक चिंताजनक नजर डालता है। यह व्यापक विश्लेषण पर्यावरण प्रदूषण और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बीच संबंधों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि वायु और जल प्रदूषण और रसायनों का उपयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

लैंसेट अध्ययन के अनुसार, उद्योग, परिवहन और कृषि से होने वाले प्रदूषण के आधुनिक रूपों के कारण होने वाली असामयिक मौतों की संख्या में सहस्राब्दी की शुरुआत से ६६ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हर साल, दुनिया भर में नौ मिलियन से अधिक लोग मरते हैं - इसका मतलब है कि प्रदूषण छह मौतों में से एक के लिए जिम्मेदार है । यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इनमें से ९० प्रतिशत से अधिक मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं।

अध्ययन के नतीजे चिंताजनक हैं और यह स्पष्ट करते हैं कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए तत्काल उपाय किए जाने की आवश्यकता है। यह स्पष्ट है कि पर्यावरण संरक्षण न केवल प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य और भावी पीढ़ियों की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है।

पर्यावरण प्रदूषण के स्वास्थ्य परिणाम बहुत दूरगामी हैं। हवा में मौजूद

हानिकारक रसायनों और कणों के संपर्क में आने से अस्थमा और एलर्जी जैसी श्वसन संबंधी बीमारियाँ बढ़ सकती हैं। इसी तरह, प्रदूषित पानी से जठरांत्र संबंधी बीमारियाँ और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं। प्रदूषण के संपर्क में आने से हृदय संबंधी बीमारी का जोखिम भी बढ़ सकता है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों को विशेष रूप से जोखिम होता है।

जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव

वन्यजीवों पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रभाव चिंताजनक हैं। कई पशु प्रजातियाँ प्रदूषित आवासों के परिणामों से पीड़ित हैं, चाहे वह जल निकायों के रासायनिक प्रदूषण के माध्यम से हो या वायु प्रदूषण के माध्यम से। विशेष रूप से लुप्तप्राय प्रजातियाँ अक्सर गंभीर रूप से प्रभावित होती हैं और अस्तित्व संबंधी चुनौतियों का सामना करती हैं। मिट्टी और जल प्रदूषण प्राकृतिक संतुलन को बाधित कर सकते हैं और जानवरों के भोजन स्रोतों को खतरे में डाल सकते हैं। इसके अलावा, हानिकारक रसायन खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर सकते हैं और वन्यजीवों के लिए दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा कर सकते हैं।

हमारा पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों से भारी रूप से प्रभावित है, जिससे जैव विविधता में महत्वपूर्ण गिरावट आ सकती है, क्योंकि कई प्रजातियाँ बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुकूल नहीं हो पाती हैं। उदाहरण के लिए, जल प्रदूषण जलीय आवासों के विनाश और मछली स्टाक में भारी गिरावट का कारण बन सकता है। रसायनों से मिट्टी का प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या है जो कृषि और मिट्टी के जीवों के जीवन को प्रभावित करती है। एक अक्षुण्ण पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखना जलवायु और ग्रह के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

हवा और पानी पर प्रभाव

यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी (ईईए) की एक रिपोर्ट के अनुसार , वायु प्रदूषण के कारण २०१५ में यूरोप में लगभग पांच लाख लोग मारे गए तथा विश्व भर में हर वर्श लगभग ६.५ मिलियन लोग मारे गए।

हम जिस हवा में सांस लेते हैं, वह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वातावरण में रासायनिक यौगिक, निकास धुएं और कण पदार्थ जैसे प्रदूषकों के निकलने से हवा प्रदूषित होती है। इससे श्वसन संबंधी रोग, एलर्जी और यहां तक कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग, जहां वायु प्रदूषण अक्सर बहुत अधिक होता है, विषेश रूप से जोखिम में हैं।

